مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी

MAULANA AZAD NATIONAL
URDU UNIVERSITY
(Accredited Grade “A+” by NAAC)

कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन भोपाल

रिपोर्ट

हिंदी पखवाड़ा उत्सव

सितंबर 2023

भोपाल, 14सितम्बर 2023 "हिन्दी दिवस "के शुभ अवसर पर मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय के अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में "हिंदी पखवाड़ा उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर प्रथम दिन 14 सितंबर 2023 को प्रातः 9:30 बजे से 10:30 बजे तक महाविद्यालय के रूम नंबर 211 में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के बीएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एम.एड. तृतीय सेमेस्टर की अधिकांश छात्रों ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय -- "वर्तमान भारतीय परिदृश्य में सामाजिक संचार (सोशल मीडिया)का योगदान: सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव "शीर्षक था। निबंध लेखन प्रतियोगिता के दौरान हिंदी कार्यक्रम के प्रभारी डॉ अखलेश कुमार मीना एवं श्री मोहम्मद फैसल मौजूद थे। आज का दौर सोशल मीडिया का है। अत: निबंध का विषय समसामयिकी से जुडा होने के कारण इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी बहुत ही रुचि से भाग ले रहे थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिनव गोरव बी एड प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान मोहम्मद शमशेर बी एड तृतीय सेमेस्टर तृतीय स्थान फलक तबस्सुम बी एड तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

हिंदी दिवस 2023 के उपलक्ष में महाविद्यालय में चल रहे हिंदी पखवाड़ा समारोह की श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 15 सितंबर 2023 को प्रातः 10 से 11:00 बजे तक बहुउद्देशीय सभागार भवन (मल्टीपरपज हॉल) में कविता पाठ आयोजन किया गया, प्रतियोगिता के कार्यक्रम का मंच संचालन श्री मोहम्मद फैसल सर ने किया। इसमें उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश प्रेम, प्राकृतिक चित्रण, हिंदी भाषा प्रेम, भाईचारा में वैश्विक गतिविधियों तथा प्रेरणादायक कविता सुनाई जा सकती है। महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के अनेक विद्यार्थियों ने कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान क्रमश सूफिया (बीएड तृतीय सेमेस्टर), एम.डी. शमशेर (बीएड तृतीय सेमेस्टर)तथा मसरूफ रजा (बीएड तृतीय सेमेस्टर)ने प्राप्त किया। कविता पाठ में ने केवल विद्यार्थियों ने बल्कि संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया। सर्वप्रथम डॉ तलमीज फातिमा नकवी (सहआचार्य)ने हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार की कविता " हो गई है पीर पर्वत "का पाठ किया। इसके बाद महाविद्यालय के सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत डॉ अखलेश कुमार मीना ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी की कविता " कोशिश करके देखे "शीर्षक का पाठ किया। कार्यक्रम को

आगे बढा ते हुए श्री मोहम्मद फैसल सर हिंदी के सहायक आचार्य ने डॉ हरिवंश राय बच्चन की सुप्रसिद्ध कविता "जो बीत गई सो बात गई ""का पाठ अत्यंत मनमोहक अंदाज में किया। अंत में कविता पाठ में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थी और शिक्षकों को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया।

हिंदी दिवस 2023 के अंतर्गत महाविद्यालय में चल रहे हिंदी पखवाड़ा उत्सव के तहत 18 सितंबर 2023 को महाविद्यालय स्तर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय में सहायक आचार्य फाइन आर्ट्स के पद पर कार्यरत श्री सैफुद्दीन अंसारी की देखरेख में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान मसरूफ रजा (बी. एड. तृतीय सेमेस्टर)द्वितीय स्थान इश्तियाक अहमद(बी एड तृतीय सेमेस्टर तृतीय स्थान रजिया फलक(बी एड तृतीय सेमेस्टर)ने प्राप्त किया।



इस प्रकार महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अंतर्गत आयोजित हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

संयोजक	सह संयोजक	प्रतिवेदन लेखक	प्रतिवेदन रचयिता	प्राचार्य
डॉ टी.एफ.नकवी	डॉ शबाना अशरफ	डॉ० अखलेश क मीना	डॉ तरन्नुम खान	प्रोफेसर नौशाद हुसैन